कोयला खदान की मिट्टी धसकने से पति-पत्नी की मौत

शहडोल, देशबन्धु। शहडोल जिले में नदी के किनारे अवैध रूप से कोयला का खनन करने के दौरान मिट्टी धसकने से उसकी चपेट में आ जाने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पति और पत्नी शामिल हैं। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम किया है और आगे की जांच कर रही है। घटना शहडोल जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र अंतर्गत धनगवां गांव में रविवार देर शाम की की है। घटना के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

बताया जा रहा है कि नदी किनारे जहां यह दर्दनाक हादसा हुआ है, वहां लंबे समय से कोयले के अवैध उत्खनन का काम चल रहा था। हैरत की बात तो यह है कि संबंधित थाना की पुलिस इन अवैध खदानों से पूरी तरह बेखबर थी या यूं कहे की आंख मूंदे बैठी थी।

घटना के संबंध में बुढ़ार थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि उन्हें फोन से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र अंतर्गत धनगवां गांव में सोन नदी के किनारे अवैध रूप से कोयला खोदने के दौरान मिट्टी की चपेट में आने से कुछ लोग दब गए हैं। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से वहां मिट्टी हटवाई गई तो एक महिला और पुरुष मिट्टी में दबे हुए मिले। थाना प्रभारी श्री जायसवाल ने बताया कि

मृतकों की पहचान ओमकार यादव उम्र 40 वर्ष और उसकी पत्नी पार्वती यादव 38 वर्ष निवासी धनगवां के रूप में हुई है। घटना शाम लगभग 6 बजे की है। थाना प्रभारी ने बताया कि कुल पांच लोग मौके पर गए थे और घटना के दौरान तीन लोग निकलकर भाग गए।

घटना की जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए थे।इस घटना के संबंध में शहडोल के पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव ने बताया कि घटना स्थल को देखने के बाद प्रारंभिक रूप से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सोन नदी के किनारे अवैध रूप से कोयला खोदते-खोदते उसके ऊपर काफी ऊंची मिट्टी एकत्र हो गई। और जब यह मिट्टी भरभरा कर नीचे गिरी तो उसमें दो लोग दब गए जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की मदद से दोनों के शव को लगभग 1 घंटे बाद निकाल लिया गया था। पुलिस अधीक्षक श्री श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि घटना स्थल के आसपास जेसीबी से मशीन मिट्टी हटवाकर यह भी तलाश की गई कि कहीं और भी कोई व्यक्ति तो वहां दबे नहीं है। काफी तलाश के बाद अन्य कोई व्यक्ति वहां नहीं मिला।उन्होंने बताया कि इस मामले में अभी मर्ग कायम किया गया है और जांच में जो भी लापरवाही सामने आएगी उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

इस संबंध में ऐसा बताया जा रहा है, कि धनगवां गांव के अलावा अन्य ग्रामों में भी सोन नदी के किनारे सुरंग नुमा गड्ढा बनाकर वहां से अवैध तरीके से कोयला निकाला जाता है। और फिर उसे एकत्र कर बड़े वाहनों से आसपास और शहडोल के बाहर भेजा जाता है। अब देखना यह है कि इस घटना के बाद जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा किस तरह की कार्रवाई की जाती है।

तीसरी रेलवे लाइन समपार निर्माण कार्य के लिए रात में बंद रहेगा उमरिया-शहपुरा मार्ग

उमरिया, देशबन्धु। शहडोल-कटनी रेल खंड में तीसरी रेलवे लाइन के रेलवे फाटक में आवश्यक निर्माण कार्य किये जाने के लिए आगामी को रात 10 बजे से 17/2/25 से सुबह 4 बजे 18/02/2025 तक 6 घंटे तक निर्माण कार्य संचालित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। तीसरी लाइन के निमार्ण हेतु उमरिया में स्थित समपार क्रमांक बी के 90 (सिंगल टोला फाटक)किमी 957/35-37 को जिससे पूर्ण रूप से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इस दौरान ज्वालामुखी रोड अंडर पास ब्रिज क्रमांक 175 किमी 976/5-7 से आवागमन जारी रहेगा। इस आशय का पत्र क्रमांक /नि/शहडोल/ बीके 90 कार्यालय उप मुख्य अभियंता निर्माण द पूर्व मध्य रेलवे शहडोल निर्माण रेलवे स्टेशन के पास स्टेशन के पास शहडोल के द्वारा कलेक्टर उमरिया को पत्र लिखकर सूचित किया है कि 17/2/2025 को रात 10 बजे से 18/2/2025 को सुबह 06 बजे तक समपार फाटक क्र 90 जो कि घुनघुटी -लोढा के बीच 935/15-17 के पास तीसरी रेलवे लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना है, जिसके लिए सड़क मार्ग का आवागमन प्रभावित होगा। इसके लिए समपार फाटक के पास स्थित। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक उमरिया और एसडीएम बांधवगढ़ कोतवाली उमरिया मुख्य नगरपालिका अधिकारी उमरिया-को भी विधिवत रूप से प्रेषित किया गया है।

सार-समाचार

पुलिस ने बालिका को सूरत से किया दस्तयाब

शहडोल, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक शहडोल राम जी श्रीवास्तव द्वारा लंबित गुमशुदगी नाबालिग बालक/बालिका के प्रकरणों की समीक्षा की गई थी। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रकरणों का आवलोकन कर थाना प्रभारियों को दस्तयाबी हेतु समुचित निर्देश दिये गए थे। जिसके तारत्म्य मे अमलाई पुलिस द्वारा 02 नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अमलाई अंतर्गत 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की गुमशुदा रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी। जिस पर अमलाई पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अमलाई पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इकट्ठा कर पतासाजी की गई। नाबालिग बालिका को सूरत गुजरात से दस्तयाब कर सही सलामत परिजनों को सुपुर्द किया।

इसी प्रकार 15 फरवरी को थाना अमलाई अंतर्गत 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की गुमशुदा रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी। जिस पर अमलाई पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अमलाई पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इकट्ठा कर पतासाजी की गई। दिनांक 16 फरवरी को नाबालिग बालिका को थाना क्षेत्रांतर्गत अमलाई से दस्तयाब कर सही सलामत परिजनों को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमलाई जय प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में उनि एम. के. शुक्ला, सउनि अजमेर सिंह, करतार सिंह, प्रधान आरक्षक पुष्पेन्द्र कुमार, दीपक तिवारी, मुकेश जासवाल, रामप्रसाद पाटले, शिवहरे सिंह एवं दशरथ प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश

पन्ना, देशबन्धु। कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण कर अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में 100 दिवस से अधिक समयावधि सहित जनवरी माह के सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का अनिवार्य रूप से 19 फरवरी तक संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि नियमित रूप से शिकायतों के निराकरण की स्थिति की मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर लंबित शिकायतों का प्रभावी तरीके से निराकरण किया जाए। प्रत्येक शिकायतकर्ता से संवाद कर शिकायत को संतुष्टिपूर्ण बंद कराएं। फोर्स क्लोज के लिए प्रस्ताव भेजने के पूर्व भी आवेदक से चर्चा कर वस्तुस्थिति से अवगत कराएं। उन्होंने समस्त तहसीलदारों सहित स्थानीय निकाय के अधिकारियों तथा वर्तमान में डी श्रेणी के विभाग प्रमुखों से बड़ी संख्या में लंबित शिकायतों के कारणों के संबंध में जानकारी ली तथा कुछ प्रकरणों में उचित जवाब दर्ज न करने पर तथ्यात्मक रूप से सही प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। जनपद पंचायत पन्ना के सीईओ को संबल योजना के तहत तीन हितग्राहियों को अंत्येष्टि अनुग्रह राशि का लाभ समय सीमा में प्रदान नहीं करने पर वेतनवृद्धि रोकने की चेतावनी भी दी। इसके अलावा बैठक में बगैर पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ सहित जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री, पन्ना टाईगर रिजर्व एवं उत्तर वन मंडल के अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आगामी बैठकों में जानकारी के साथ उपस्थित रहने की नसीहत भी दी। इसके अतिरिक्त सीएम हेल्पलाइन में एल-1 स्तर पर शिकायत अटेंड नहीं करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि विभाग प्रमुख विभागीय गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन के साथ ही टीएल पत्रों का तेजी से निराकरण प्रारंभ करें। जनसुनवाई के मामलों का भी प्रत्येक स्तर पर निराकरण सुनिश्चित हो। गत माह संपन्न हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के शिविरों में प्राप्त समस्त योजना व सेवाओं के शेष प्रकरणों का भी पात्रतानुसार निराकरण कर विभागीय पोर्टल पर वांछित जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए। टीएल बैठक में उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणवार जवाबदावा एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी भी ली गई। साथ ही निकायवार पेंशन हितग्राहियों के समग्र ई-केवायसी कार्य में प्रगति लाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

सीएम के आगमन को लेकर तैयारियां जारी, पुलिस महानिरीक्षक ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

नौरोजाबाद, देशबन्धु। उमरिया जिले के नौरोजाबाद रामलीला मैदान में प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के आगमन को लेकर तैयारियां जोरो से चल रही है। सोमवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे शहडोल संभाग पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सख्त निर्देश दिये गये हैं। निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक शहडोल पुलिस अधीक्षक उमरिया निवेदीता नाएडू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, प्रतिपाल महोबिया, एसडीओपी पाली एससी बोहित, नौरोजाबाद थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम क्षेत्र की जनता के लिए तोहफा देने वाला हो सकता है।

29 प्रतिशत एम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन शेष

पन्ना, देशबन्धु। राज्य शासन के निर्देशानुसार वित्त विभाग द्वारा संधारित एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली आईएफएमआईएस अंतर्गत उपलब्ध शासकीय सेवकों की जानकारी का सत्यापन समग्र आईडी से किया जाना है। साथ ही वेतन का भुगतान भी अब आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता ने बताया कि अब तक 71 प्रतिशत शासकीय सेवकों के एम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन किया जा चुका है, जबकि 29 प्रतिशत का सत्यापन शेष है। उन्होंने शासकीय कार्यालय में पदस्थ सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से समग्र आईडी की प्रविष्टि का कार्य आगामी 28 फरवरी तक पूर्ण कराने का आग्रह किया है। वर्तमान में जिले में 86 डीडीओ के विरूद्ध आठ डीडीओ की प्रगति अब भी 50 प्रतिशत से कम है। इनमें सीईओ जिला पंचायत सहित प्राचार्य शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्रनगर, प्रधान न्यायाधीश फेमिली कोर्ट, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय अमानगंज, जिला सेनानी होमगार्ड, क्यूरेटर जिला पुरातत्व एवं संग्रहालय, उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व एवं सीईओ जनपद पंचायत पन्ना शामिल हैं।

आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बजट महत्वपूर्ण : दिलीप

शहडोल, देशबन्धु। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में सोमवार को पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश शासन के लघु एवं कुटीर उद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि बजट 2025-26 में कर नीतियों, खर्च की प्राथमिकताओं और सब्सिडी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोर दिया गया है। अब 12 लाख रुपए तक की आय कर-मुक्त होगी। उन्होंने बताया कि यह बजट विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य, और शिक्षा एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

राज्य मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत की जाएगी। मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में अगले 5 वर्षों में 75000 और सीटें बढ़ाने के लक्ष्य की दिशा में अगले वर्ष 10000 अतिरिक्त सीटें बढ़ाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस बजट की एक विशेषता यह भी है कि सरकार अगले 3 वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर केंद्र स्थापित करने की सुविधा प्रदान करेगी।

वर्ष 2025-26 में 200 केंद्र स्थापित किए जाएंगे। एक लाख करोड़ रुपए के शहरी चुनौती कोष की घोषणा की है जिसे 2025-26 के लिए 10 हजार करोड़ रुपए के आवंटन के प्रस्ताव के साथ वृद्धि केंद्रों के रूप में शहर शहरों का रचनात्मक पुनर्विकास और जल एवं स्वच्छता के लिए प्रस्ताव लागू करने के लिए उपयोग किया

केंद्रीय बजट को लेकर भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित

जाएगा। उन्होंने कहा कि जिलों के विकास के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना चलाई जाएगी। यह कार्यक्रम राज्यों के साथ साझेदारी में शुरू किया जाएगा, जिसमें कम उत्पादकता, मध्यम फसल सघनता और औसत से कम ऋण मापदंडों वाले 100 जिलों को शामिल किया जाएगा, जिससे 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने कहा कि मध्यम परिवार को राहत देने वाला केंद्र सरकार का ऐतिहासिक बजट ,बजट में अगले 10 वर्ष में 120 नए गंतव्यों और 4 करोड़ यात्रियों को लाने-ले-जाने के लिए क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने की संशोधित उड़ान स्कीम की घोषणा की है। 500 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय से शिक्षा हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता संबंधी एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा। मेक फॉर इंडिया मेक फॉर द वर्ल्ड विनिर्माण के लिए हमारे युवाओं को आवश्यक कौशलों से सुसज्जित करने के लिए वैश्विक विशेषज्ञता और भागीदारी के साथ 5 राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

भाजपा जिला कोषाध्यक्ष व बजट 2025-26 जिला टोली के संयोजक मनोज गुप्ता ने कहा कि स्टार्ट-अप के लिए 10,000 करोड़ रुपए के नए अंशदान के साथ निधियों के नए कोष की स्थापना की जाएगी। 5 लाख महिलाओं अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के पहली बार के उद्यमियों के लिए अगले 5 वर्षों के दौरान 2 करोड़ रुपए तक का सावधि ऋण उपलब?ध कराने की एक नई योजना की घोषणा बजट में की गई है।

पत्रकार वार्ता में जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी, बजट 2025-26 के जिला टोली के सहसंयोजक जयप्रकाश गुप्ता, जिला महामंत्री संतोष लोहानी और मीडिया प्रभारी विनय केवट भी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने सीएमओ की ली बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

पन्ना, देशबन्धु। जिले के समस्त नगरीय निकायों में आगामी दिवसों में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की गतिविधियां प्रारंभ होंगी। इस संबंध में कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सीएमओ की बैठक में सर्वेक्षण के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से नवीन टूलकिट सहित अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त कर मूल्यांकन पद्धति के बारे में पूछा। जिला कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत शहर को अच्छे अंक एवं अच्छी रैंक दिलाना सिर्फ नगर पालिकाओं का दायित्व नहीं है, बल्कि यह समस्त विभागों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों सहित सर्वसमाज का भी दायित्व है। सर्वेक्षण में सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने सर्वेक्षण के पूर्व शौचालयों के मरम्मत तथा संचालन, प्रसंस्करण इकाइयों, एमआरएफ सेंटर, सी एण्ड डी प्लांट एवं एफएसटीपी प्लांट को पूर्णत: संचालित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि निकाय के डी स्लजिंग वाहनों का प्रयोग सेप्टिक टैंक खाली कराने में करें। समस्त अनुविभागीय अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों, निकाय के अधिकारी-कर्मचारियों एवं सफाई संरक्षकों से समन्वय कर अपने क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं स्रोत पृथक्कीकरण के कार्य को दुरुस्त करने की अपेक्षा की। जिला कलेक्टर द्वारा लोगों को खुले में कचरा डालने के लिए हतोत्साहित करने तथा विभिन्न गतिविधियों के अंक विभाजन अनुसार समस्त कार्य को दुरुस्त कर आगामी सर्वेक्षण में निकाय को अच्छी रैंक दिलाने की बात भी कही।

छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति से किया मंत्र मुग्ध

शहडोल, देशबन्धु। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को हुए वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा और खेल सहित अन्य गतिविधियों में अग्रणी स्थान अर्जित करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर अतिथियों ने सम्मानित भी किया। वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी की प्रथम महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा रहीं। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, पार्षद श्रीमती कुंतला दीक्षित, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष निभा गुप्ता और अधिवक्ता व समाजसेवी दिनेश दीक्षित मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। इससे पूर्व ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक अजय सिंह ने अतिथियों को बुके भेंट कर और माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इन प्रस्तुतियों ने समां बांधा-पटेल नगर में स्थित ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल अंग्रेजी माध्यम में हुए वार्षिक उत्सव समारोह के दौरान झूम बराबर झूम बाल वाटिका, अंग्रेजी गीत नृत्य, सदाबहार पुराने गाने पर रीमिक्स नृत्य, मोगली जंगल थीम पर फैंसी ड्रेस और गरबा नृत्य के साथ ही अनेकता में एकता को प्रदर्शित करने वाले नाटक का सफल मंचन किया गया। इसके अलावा हरियाणवी नृत्य, राजस्थानी नृत्य और छत्तीसगढ़ी नृत्य की भी शानदार प्रस्तुति दी गई। स्वर

ज्ञानोदय के वार्षिकोत्सव समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान

कोकिला लता मंगेशकर के जीवन कहानी थीम नृत्य और बच्चों में लोकप्रिय तारक मेहता का उल्टा चश्मा नाटक के सफल मंचन पर दर्शन बिना ताली बजाए नहीं रह सके। इसके अलावा छात्र-छात्राओं ने आत्मरक्षा के लिए लाठी कला का भी शानदार प्रदर्शन किया।

इन्हें किया गया सम्मानित-अपनी अनुपम प्रस्तुति देने वाले सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल का प्रदर्शन करने वाले स्कूल के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा पूरे वर्ष सौ प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले, श्रेष्ठ लिखावट वाले और कक्षा के कप्तान व योग्यता धारी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

छिपी प्रतिभाओं को मिलता है मंच-कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच मिलता है और ज्ञानोदय जैसी श्रेष्ठ स्कूल का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इतनी सुंदर और मनमोहक प्रस्तुति इस बात को बता रही है कि इसे तैयार करने में काफी परिश्रम किया गया है। विशिष्ट अतिथि भाजपा के नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी और अधिवक्ता व समाजसेवी दिनेश दीक्षित ने अपने संबोधन में ज्ञानोदय स्कूल के इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वास्तव में यह ज्ञान का उदय करने वाला संस्थान है।

समग्र शिक्षा प्रमुख उद्देश्य-रेखा सिंह- ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रेखा सिंह ने अपने प्रतिवेदन में कहा कि अनुशासन स्वच्छता और समग्र शिक्षा प्रदान करना ही हमारे संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है उन्होंने बताया कि अपनी स्थापना के 27 वर्ष के सफर में आज ज्ञानोदय की आठ शाखाएं संचालित है उन्होंने यह भी बताया कि बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट सूची खेल और अन्य गतिविधियों में संस्थान के छात्र-छात्राएं हमेशा अव्वल आते रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे छात्र-छात्राओं का शिक्षण शुल्क भी संस्थान द्वारा माफ किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में ज्ञानोदय स्कूल के संचालक अजय सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आशा है, कि आप सभी का स्नेह और आशीर्वाद हमें आगे भी मिलता रहेगा। कार्यक्रम का सफल व प्रभावी संचालन खुशबू मांझी और दीपाली पाण्डेय ने किया।

इनका प्रयास सराहनीय-रंगारंग कार्यक्रम को तैयार कराने में स्कूल की शिक्षक उमा केवट, ज्योति पाण्डेय, हर्षित तिवारी, अर्शिया बानो, प्राची लखेरा, पूनम पटेल, शिल्पा सोनी, संध्या अरोरा, राखी वस्त्रकार, भूमिका सिंह, शिवानी नामदेव युवराज सिंह रितिका गुप्ता, दीपाली पाण्डेय, दीक्षा गुप्ता और दिशा सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।